न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन

मुकदमा नंबर प्रार्थना पत्र/79/2016 तारीख रुजु 01.07.2016

उनवान

सुमरन पुत्र श्री प्रभू बगै0 जाति जाटव निवासी भुकरावली तहसील हिण्डौन जिला करौली
---सायल(01)

बनाम

मु0 केसर बेवा कल्लू वगै0 जाति जाटव निवासी भुकरावली तहसील हिण्डौन जिला करौली
-----गैरसायलान(04)

उपस्थितिः–

सायल की ओर से :– श्री राजूलाल सोनवाल एडवोकेट
गैरसायलान की ओर से :– कोई नहीं

निर्णय

दिनांक 10.02.2020

संक्षेप में मामला इस प्रकार है कि सायल की ओर वकालतन एक प्रार्थना पत्र बावत् अस्थाई निषेद्याज्ञा स्थित ग्राम स्थित ग्राम भुकरावली तहसील हिण्डोन के खसरा न. 2184, 2190, 2191, 2193 के सम्बंध में पेश किया गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायलान को जरिए नोटिस तलब किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। बार–बार आवाज दिलाई गई । पत्रावली वकील उभयपक्ष उपस्थित नहीं आए, जिससे जाहिर होता है कि उभय पक्ष उक्त प्रार्थना पत्र में कोई रूचि नहीं ले रहा है।

अतः सायल प्रार्थना पत्र मुकदमा नंबर 79/2016 सुमरन बनाम मु. केसर अदम पैरवी, अदम हाजिरी एवं अदम तकमील में खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 10.02.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखाया गया पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

10.02.2020

(सुरेश कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar Yadav
Date: 2020.09.01 14:20:22 IST
Reason: SelfAttested